हरिभूमि
# विंध्य भूमि
3
जबलपुर, बुधवार 26 मार्च 2025
login : www.haribhoomi.com
सतना | छतरपुर | रीवा | सिंगरौली | पन्ना

## विधायक ने कृषि मंत्री से की व्यवस्थित करने की मांग, बोले व्यापारियों को मिल रही धमकियां

# विधानसभा में गूंजा गांधी सब्जी मंडी का मामला

कोलगवां थाना क्षेत्र के सौनौरा में स्थित गांधी सब्जी मंडी को लेकर विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा ने विधानसभा में महत्वपूर्ण मुद्दा उठाया है।



सतना।

उन्होंने कृषि मंत्री से मंडी को व्यवस्थित करने का अनुरोध किया है। विधायक ने बताया कि 2018 में आचार संहिता के दौरान विश्वासराव सब्जी मंडी को उजाड़ दिया गया था। इसके बाद व्यापारियों ने मिलकर निजी भूमि पर गांधी सब्जी मंडी की स्थापना की। यह मंडी बिना किसी सरकारी सहायता के चल रही है।

### अधिकारी व्यापारियों को परेशान कर रहे

मंडी अधिकारी व्यापारियों को परेशान कर रहे हैं। वे चाहते हैं कि व्यापारी कृषि उपज मंडी परिसर में स्थित खाली दुकानें खरीद लें। इसलिए वे गांधी सब्जी मंडी को वहां शिफ्ट करने का दबाव बना रहे हैं। लेकिन व्यापारी इससे सहमत नहीं हैं।

### विधायक ने सदन में किसानों की समस्याएं भी रखीं

उन्होंने क्षेत्र में सोयाबीन की कम पैदावार के कारणों पर प्रकाश डाला। साथ ही शहर में नो एंट्री के कारण कृषि उपज मंडी में व्यापारियों को होने वाली परेशानियों से भी मंत्री को अवगत कराया।



## प्रशस्ति पत्र और योद्धा मेडल से सम्मानित किए गए पुलिस कर्मी

**सतना।** कोरोना महामारी के दौरान रोकथाम एवं उससे उत्पन्न चुनौतियों से संघर्ष के दौरान किए गए अथक परिश्रम एवं उत्कृष्ट कर्तव्य परायणता का परिचय देने वाले पुलिस कर्मियों को मध्य प्रदेश सरकार के मुखिया डॉक्टर मोहन यादव द्वारा योद्धा पदक प्रदान कर के सम्मानित किया गया है। मंगलवार को नगर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में सीएसपी महेंद्र सिंह द्वारा प्रधान आरक्षक सत्यवीर तिवारी, संतोष सिंह गहरवार,प्रकाश धर द्विवेदी को प्रशस्ति पत्र और मेडल प्रदान किया।

## राशन के लिए फिंगर प्रिंट अपडेट: आधार सेंटर में लगी रही भीड़

# अब बिना मैचिंग के नहीं मिलेगा राशन-पानी





सतना।

बिरसिंहपुर तहसील में मंगलवार को आधार कार्ड सेंटर पर सुबह से ही लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। इसकी वजह थी मुफ्त राशन की सुविधा को जारी रखना। सरकारी राशन दुकान संचालकों ने हितग्राहियों को स्पष्ट कर दिया है कि राशन लेने के लिए परिवार के हर सदस्य का फिंगरप्रिंट मैच करना अनिवार्य है। इस घोषणा के बाद तहसील कार्यालय के पीछे स्थित आधार सेंटर पर लोगों की लंबी कतार लग गई।

### सुबह 8 बजे से ही पहुंचने लगे लोग

सेंटर के खुलने का समय सुबह 10 बजे था। लेकिन लोग सुबह 8 बजे से ही पहुंचने लगे। बिरसिंहपुर नगर के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों से भी लोग छोटे बच्चों के साथ सेंटर पहुंचे। आधार सेंटर में उचित व्यवस्था न होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। खाद्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि वे लंबे समय से हितग्राहियों को इस बारे में सूचित कर रहे थे। लेकिन लोगों ने समय रहते इस पर ध्यान नहीं दिया।

## किसान की फरियाद अनसुनी, घटिया दवा से बर्बाद हुई प्याज की फसल

# कर्ज लेकर बोई गई फसल नष्ट होने से परिवार परेशान

मैहर।

मैहर जिले के ग्राम बूढ़ेरुआ के एक किसान जितेन्द्र पटेल की मेहनत पर पानी फिर गया जब उसकी तीन एकड़ में लगी प्याज की फसल पूरी तरह सूख गई। किसान ने इस नुकसान के लिए स्थानीय पटेल एजेंसी बूढ़ेरुआ से खरीदी गई कृषि दवा को जिम्मेदार ठहराया है। परेशान के द्वारा किसान जगह-जगह गुहार लगाई जा रही है लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

### प्रशासन से नहीं मिली मदद

बुढेरूआ निवासी जितेन्द्र पटेल पिता रामबहोर पटेल ने परेशान होकर सीएम हेल्पलाइन, जिला कलेक्टर कार्यालय और स्थानीय थाने में लिखित शिकायत दी गई है लेकिन प्रशासन की ओर से कोई सहायता नहीं मिली है। किसान का कहना है कि अगर समय पर ध्यान दिया जाता तो उसकी फसल बच सकती थी। किसान का आरोप है कि पटेल एजेंसी बूढ़ेरुआ से खरीदी गई दवा की गुणवत्ता खराब थी जिसके कारण उसकी पूरी फसल बर्बाद हो गई। इस एजेंसी का मालिक अमरपाटन में भी दुकान चलाता है इसलिए किसान ने मांग की है कि प्रशासन इस पर सख्त कार्रवाई करे ताकि भविष्य में अन्य किसान ठगी का शिकार न हों। पीड़ित किसान ने जिला प्रशासन से तत्काल जांच कर और दोषी एजेंसी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है अगर जल्द न्याय नहीं मिला तो अन्य पीड़ित किसानों के साथ मिलकर आंदोलन किया जाएगा।

### क्या है आरोप

पीड़ित किसान का आरोप है कि मैं साढ़े तीन एकड़ में प्याज की फसल बोता आ रहा हूं। मैंने एजेंसी से जो प्याज मंगाई थी वह न देकर कहा कि इससे अच्छी दवा मैं देता हूं और उसने मीरा 71 महामिक्स दवा दे दिया। उस दवा का उपयोग प्याज के खेत में कर लिया गया और फसल को बराबर पानी भी देता रहा हूं लेकिन प्याज सूख कर नष्ट हो गई । मैं गरीब खेतीकार हूं मैंने 1,50,000 रुपए कर्ज लेकर प्याज की फसल लगाई थी जिससे लगभग 10,00,000 दस लाख रुपए की प्याज की पैदावार होती लेकिन प्याज नष्ट होने से मैं कर्जदार बन गया हूं जिससे मेरा परिवार दयनीय स्थिति से गुजर रहा है। अतः जिला प्रशासन से अपेक्षा है कि पटेल एजेन्सी मूंडी तालाब बुढेरूआ दुकान संचालक कमलेश पटेल पिता लालमन पटेल के द्वारा दिए गए दवा से हुई क्षति पर दण्डात्मक कार्रवाई कर क्षतिपूर्ति दिलाई जाए।






## पुलिस कर्मियों को स्वस्थ रहने बताई गई आध्यात्मिक और ध्यान की विधि, थाने में आयोजित किया गया कार्यक्रम



**सतना।** हार्टफुल नेस आध्यात्मिक संस्था द्वारा मंगलवार को कोलगवां थाना परिसर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस कर्मियों को अध्यात्म और ध्यान की विधि बताई गई। नगर पुलिस अधीक्षक महेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि हार्टफुलनेस आध्यात्मिक संस्था और मध्य प्रदेश पुलिस के बीच एक एमओयू हुआ है। जिसके तहत आज थाना परिषद में मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस दौरान लगभग 25 से 30 पुलिसकर्मी उपस्थित रहे जिन्हें संस्था द्वारा अध्यात्म और ज्ञान की विधि बताई गई नगर परिषद अधीक्षक ने बताया कि इसके जरिए पुलिसकर्मी स्वस्थ रहने के लिए मानसिक रूप से लाभ प्राप्त कर सकेंगे। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षकों ने सभी को योग और ध्यान का अभ्यास कराया। इस अवसर पर सीएसपी महेंद्र सिंह चौहान थाना प्रभारी कोलगवां सुदीप सोनी सहित बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।



## एकेएसयू के विधि छात्रों ने जानी न्याय पालिका की कार्यप्रणाली

### मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय का शैक्षणिक भ्रमण

सतना।

एकेएस यूनिवर्सिटी,सतना फैकल्टी ऑफ लॉ के120 छात्रों और 6 संकाय सदस्यों ने 20 मार्च 2025 को मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय,जबलपुर का शैक्षणिक भ्रमण किया। स्टूडेंट को बताया गया कि भारत के उच्च न्यायालय भारत के प्रत्येक राज्य और केंद्र शासित प्रदेश में अपीलीय क्षेत्राधिकार के सर्वोच्च न्यायालय हैं। हालाँकि,एक उच्च न्यायालय अपने मूल नागरिक और आपराधिक क्षेत्राधिकार का प्रयोग केवल तभी करता है जब अधीनस्थ न्यायालयों को विशिष्ट या क्षेत्रीय क्षेत्राधिकार की कमी के कारण ऐसे मामलों की सुनवाई करने के लिए कानून द्वारा अधिकृत नहीं किया जाता है। उच्च न्यायालय कुछ मामलों में मूल क्षेत्राधिकार का भी आनंद ले सकते हैं,यदि ऐसा निर्दिष्ट किया गया हो,विशेष रूप से संविधान,राज्य कानून या संघ कानून द्वारा। भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को न्यायपालिका की कार्यप्रणाली से अवगत कराना और उन्हें व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना था। छात्रों ने उच्च न्यायालय के विभिन्न विभागों का अवलोकन भी किया। न्यायिक कार्यवाही को प्रत्यक्ष रूप से देखा और प्रक्रिया समझी। छात्रों ने इसे अत्यंत ज्ञानवर्धक बताया और कहा कि यह अनुभव उनकी कानूनी समझ को गहरा करने में सहायक रहा। इस शैक्षणिक यात्रा का नेतृत्व डॉ. एस.के. जैन, डीन, फैकल्टी ऑफ लॉ, विनय कुमार पाठक, हरिशंकर कोरी, विधि समभरकर,शशिकांत दुबे,और प्रशांत कुमार ने किया। विश्वविद्यालय प्रबंधन ने शैक्षणिक भ्रमण को छात्रों के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए उन्हें वहां समझी लीगल प्रक्रिया को व्यवहारिक जीवन में उतरने की सलाह दी।

# कलेक्टर ने सुनी 109 आवेदकों की समस्यायें





सतना।

कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई में जिले के दूर-दराज के क्षेत्रों से आये 109 आवेदकों से उनकी समस्यायें सुनी और अधिकारियों को तत्काल निराकरण के निर्देश दिये। इस मौके पर अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखडे एवं डिप्टी कलेक्टर एलआर जांगडे ने भी लोगों की समस्यायें सुनी और मैदानी अधिकारियों को दूरभाष से चर्चा कर लोगों की समस्याओं के निराकरण के संबंध में दिशा-निर्देश दिये। जनसुनवाई में जमीन का सीमांकन कराने,अनुकंपा नियुक्ति, खाद्यान पात्रता पर्ची, दाखिल-खारिज कराने,प्रधानमंत्री आवास योजना,अवैध कब्जा हटाने, विद्युत समस्या,जमीन का कब्जा दिलाने, सीमांकन कराने,चिकित्सा सहायता,रोजगार दिलाने,भरण-पोषण और संबल योजना के लाभ संबंधी आवेदन लेकर जनसुनवाई में पहुंचे।

### मैहर जिले की जनसुनवाई में आये 35 आवेदन

मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय मैहर के सभागार में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में कलेक्टर रानी बाटड ने जिले के विभिन्न अंचलों से प्राप्त 35 आवेदनों पर सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारी को निराकरण करने के निर्देश दिए। इस दौरान रामनगर के गडरिया टोला के एक वस्त्रहीन वृद्ध सुन्दरलाल तिवारी अपनी समस्या लेकर जनसुनवाई में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष पहुंचे। जिला प्रशासन ने मानवता की मिशाल पेश करते हुए उन्हें नये वस्त्र पहनाकर संवेदनशीलता दिखाई। उनकी समस्या के समाधान का आश्वासन देते हुए उन्हें सम्मानपूर्वक विदा किया। इस मौके पर अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह,जनपद सीईओ प्रतिपाल बागरी,सीएमओ सुषमा मिश्रा सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर व एडीएम की अच्छी पहल



**मैहर।** मैहर कलेक्टर रानी बाटड एवं अपर कलेक्टर के द्वारा एक वस्त्रहीन वृद्ध व्यक्ति की मदद करके मानवता की एक मिसाल पेश की है। यह घटना मैहर कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई के दौरान हुई जहां वृद्ध व्यक्ति अपनी समस्या लेकर पहुंचा था। कलेक्टर रानी वाटड व अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह ने तुरंत मानवीयता का परिचय देते हुए उन्हें वस्त्र उपलब्ध कराए और उनकी समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। यह घटना न केवल कलेक्टर की संवेदनशीलता को दर्शाती है,बल्कि यह भी दिखाती है कि प्रशासन आम नागरिकों की समस्याओं के प्रति कितना संवेदनशील हो सकता है। इस घटना की तस्वीरें देखकर शहर सहित प्रदेश में सराहना जा रही है और यह एक अच्छी पहल की ओर इशारा करती है जो समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकती है।

### नवरात्रि मेले के पहले अधिकारियों ने देखी व्यवस्था



**मैहर।** 30 मार्च से प्रारंभ चैत्र नवरात्रि के पहले मंदिर की व्यवस्था का जायजा लेने के लिए मैहर कलेक्टर श्रीमती रानी बाटड़,पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक,एसडीम विकास सिंह,तहसीलदार जितेंद्र पटेल,थाना प्रभारी कोतवाली अनिमेष द्विवेदी,चौकी प्रभारी महेंद्र गौतम मंदिर के प्रधान पुजारी पवन महाराज दाऊ,एवं मंदिर समिति कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सीवर लाइन के कार्य से वार्डवासी परेशान

**मैहर।** यहां पर सीवर लाइन का काम मानवाने तरीके से किया जा रहा है। विगत तीन चार दिनों से और आगे जाने का मार्ग पूर्ण रूपेण बंद है लेकिन ठेकेदार द्वारा कहीं भी बोर्ड नहीं लगाया गया की आगे मार्ग बंद है या फिर कार्य प्रगति में है,जबकि छोटा मोटा काम चलता हो वो मार्ग बंद है का बोर्ड लगा देते है लेकिन इस सीवर लाइन का कार्य करने वाली यह कंपनी इसकी कोई जरूरत नही समझ रही है। बताया जा रहा है कि सालों से नल जल योजना का कार्य चालू हुआ और कुछ दिनों पूर्व ही केंद्र सरकार ने नल जल योजना मद का पैसा देने से मना कर दिया की सरकार के पास पैसा नहीं है जिससे ठेकेदारों को आशंका हो रही है कि कहीं सरकार इस मद से भी कहीं हाथ न खींच ले और प्रदेश की जनता के हाथों विकास के नाम पर धूल फाकना ही शेष न रह जाए जिस प्रकार नल जल योजना के गढ्डे उनके द्वारा हर घर में खींचे गए कनेक्शन के बुजुर्गों बच्चों को गिरने के लिए काफी है।

### मनमानी ब्लास्टिंग से घरों को पहुंची क्षतिः प्रभात



**मैहर।** मैहर अंतर्गत आनेवाले मनटोलवा में मनमानी ब्लास्टिंग से गांव वालों के घरों को काफी क्षति पहुंची है जिसकों लेकर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। उक्त आरोप लगाते हुए नहर के दबंग ठेकेदार से परेशान मनटोलवा वासियों ने शासन प्रशासन से लगाई गुहार लगाई गई है वहीं कांग्रेस नेता प्रभात द्विवेदी दद्दा के साथ एसडीएम कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा गया एवं ग्रामीणों के जान माल में मंडरा रहे खतरे से अवगत कराया गया। प्रशासन को ज्ञापन के पश्चात प्रभात द्विवेदी ने स्वयं मौका स्थिति में पहुंचकर मुआचना कर ग्रामीणों से की बात चीत और हर स्थिति की लड़ाई लड़ने का भरोसा दिलाया और जारी बयान में शासन प्रशासन से क्षतिग्रस्त हुए मकानों के नुकसान की भरपाई व मुआवजे के लिए की अपील की है।

### 8 माह से नहीं हुई है मैहर नगर पालिका परिषद की बैठक

**मैहर।** मैहर नगर पालिका परिषद की प्रति माह होने वाली बैठक आज से 8 माह पूर्व जो 1 गत अगस्त 2024 को हुई थी अब यह बैठक 28 मार्च 2025 को परिषद के सभागार में होगी। उल्लेखनीय है कि शासन के नियमों के मुताबिक प्रत्येक माह परिषद की बैठक की जानी चाहिए लेकिन मनमानी पूर्ण रवैए से नगर के मूलभूत सुविधाओं को भी नजर अंदाज किया जाता है।

## सामूहिक अवकाश को लेकर

# पंचायत सचिवों ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी को दिया ज्ञापन



**अजयगढ।**

पंचायत सचिवों को चार माह आए वेतन न मिलने,मुख्यमंत्री की घोषणा के आदेश के बाद भी 1 तारीख को वेतन भुगतान ओर समय मान वेतनमान के लाभ न मिलने,सचिवों का वेतन हेड गौंड खनिज स्टाम्प शुल्क आदि से हटकर ग्लोबल अकाउंट अर्थात शासकीय कर्मचारियों के वेतन भुगतान की भांति भुगतान करने सहित 7 सूत्रीय मांगों को लेकर अजयगढ में पंचायत सचिवों ने 7 दिन के सामूहिक अवकाश पर जाने को लेकर मुख्य कार्यपालन अधिकारी को एक ज्ञापन सौपा।ज्ञापन में लेख किया गया है कि मध्यप्रदेश पंचायत सचिव के 23 हजार सचिव सरकार से कंधा से कंधा मिलाकर काम कर रहे है।यहाँ तक जो काम हमारे नही होते वो काम भी सचिव दिन रात एक करके कर रहा है लेकिन सचिव का ये दुर्भाग्य है कि पंचायत सचिव वेतन के लिये हाय हाय कर रहा है 1 तारीख के पहले ही प्रदेश की लगभग 150 जनपदों में वेतन अलाटमेंट के लिये बजट खत्म हो गया।ये चिंतन का विषय है कि जिस गौंड खनिज मद में पैसा नहीं है उसी से रोजगार सहायक, जिला पंचायत अध्यक्ष व उपाध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य,जनपद अध्यक्ष,जनपद सदस्य व पंचों के भत्ते का प्रावधान है जिसमे पैसा नहीं है।प्रदेश सरकार के द्वारा महापंचायत बुलाकर जो घोषणाएं की गई थी उन्हें आज तक पूरा नही किया गया।सचिवों को पांचवे व छटवे वेतनमान में सेवाकाल की गणना नियुक्ति दिनांक से कर सुद्ध वेतन निर्धारण नही किया जा रहा है।विभाग में संविलयन की मांग सरकार द्वारा ठंडे बस्ते में रख दी गई है।पंचायत सचिव संगठन और 53 जिले के सचिव संगठन द्वारा इस गंभीर समस्याओं और मांगो को लेकर आज से 1 अप्रैल तक सामूहिक अवकाश पर जा रहे है।इस दौरान बड़ी संख्या में पंचायत सचिव उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### पवई तहसील परिसर में संपन्न हुई जनसुनवाई



**पवई।** शासन द्वारा प्रत्येक मंगलवार को स्थानीय मुख्यालयों में जनसुनवाई आयोजित की जाती है,जिसमें विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतों का निराकरण किया जाता है। मंगलवार को पवई तहसील परिसर में जनसुनवाई आयोजित हुई,जिसमें केवल दो आवेदन प्राप्त हुए,जिसमें एक आवेदन जूही एवं हड़ा ग्राम के लोगों ने दिया जिसमें उन्होंने लेख किया है कि बीते 10 दिनों से गांव में विद्युत सप्लाई नहीं है जिसकी वजह से ग्रामीण अंधेरे में जीवन यापन करने के लिए मजबूर हैं,जिस पर तहसीलदार प्रीति पंथी द्वारा कनिष्ठ अभियंता मध्य प्रदेश विद्युत वितरण विभाग पवई को विशेष जांच कर प्रतिवेदन देने के लिए निर्देशित किया गया। इसके साथ ही पवई एसडीएम समीक्षा जैन एवं नायब तहसीलदार शिवम गौतम द्वारा ग्राम पंचायतों में बनाई जा रही किसान आई डी को लेकर ग्राम पंचायत करही पहुंचकर किसानों की बनाई जा रही फार्मर आईडी के कार्य का अवलोकन किया तथा अधिक से अधिक संख्या एवं समय पर किसानों की फार्मर आईडी बनाए जाने के कर्मचारियों को निर्देश दिए। बता दें कि किसान आईडी कार्ड आधार कार्ड की तरह एक विशिष्ट पहचान संख्या होगी, जो हर किसान के लिए अलग होगी। इस नए सिस्टम के तहत किसानों को अपना रजिस्ट्रेशन करना होगा और एक डिजिटल आईडी प्राप्त करनी होगी। यह आईडी किसान की व्यक्तिगत जानकारी जमीन का विवरण एवं कृषिगत गति विधियों का एक केंद्रीकृत रिकॉर्ड होगा।

### गुड़ी पड़वा पर श्री जुगल किशोर मंदिर प्रांगण में होगा कार्यक्रम

**पन्ना।** संस्कृति विभाग द्वारा रविवार, 30 मार्च को चैत्र नवरात्र के प्रारंभ अवसर एवं गुड़ी पड़वा पर्व पर श्री जुगल किशोर मंदिर प्रांगण पन्ना में विक्रमोत्सव 2025 का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए जिला कलेक्टर द्वारा अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी अशोक चतुर्वेदी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। साथ ही अन्य विभाग के अधिकारियों को भी आवश्यक दायित्व सौंपा गया है। कार्यक्रम में कलाकारों द्वारा सूर्य उपासना पर केन्द्रित प्रस्तुतियां दी जाएंगी। जिला मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में विक्रम संवत भारतीय कालगणना के बारे में जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा ब्रम्ह ध्वज, विक्रमादित्य नाटक की प्रस्तुतियां भी स्थानीय कलाकार एवं छात्रों द्वारा प्रस्तुत की जाएंगी। कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रशासन सहित स्कूल शिक्षा विभाग, महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ एवं मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय के समन्वय से होगा। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को संस्कृति संचालनालय से संपर्क एवं समन्वय कर गरिमापूर्ण कार्यक्रम आयोजित कराने के निर्देश दिए हैं।

**मंदिर एवं शासकीय भवनों में स्थापित होंगे ब्रम्ह ध्वज**

सूर्य उपासना कार्यक्रम अंतर्गत विक्रमोत्सव 2025 एवं गुड़ी पड़वा पर आयोजित कार्यक्रम में 15 प्रमुख मंदिरों और शासकीय भवनों पर तहसीलदार पन्ना एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद पन्ना द्वारा ब्रम्ह ध्वज स्थापित करवाया जाएगा। श्री जुगल किशोर मंदिर, श्री रामजानकी मंदिर, श्री बल्देव जी मंदिर, श्री गोविन्द जी मंदिर, श्री जगन्नाथ स्वामी मंदिर, श्री प्राणनाथ मंदिर सहित श्री पद्मावती बड़ी देवी मंदिर, श्री राधारमण मंदिर, श्री जगन्नाथ स्वामी मंदिर जनकपुर, फूला माता मंदिर महेन्द्र भवन, संयुक्त कार्यालय भवन इन्द्रपुरी कॉलोनी, जिला पंचायत कार्यालय, पुलिस अधीक्षक कार्यालय, शासकीय छत्रसाल महाविद्यालय एवं पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना में ब्रम्ह ध्वज स्थापित किए जाएंगे।

### रेत मण्डी के लिए अजयगढ़ बायपास पर स्थल निर्धारित




**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार के निर्देशन में नगर पालिका परिषद पन्ना द्वारा शहर के बाहर अजयगढ़ बायपास पर रेत मण्डी के लिए स्थल निर्धारित किया गया है। गत माह जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में शहर के भीतर एवं मुख्य मार्गों पर लापरवाहीपूर्वक वाहन संचालन एवं सड़क दुर्घटना पर रोकथाम के मद्देनजर उक्त निर्णय लिया गया था और इस संबंध में अविलंब आवश्यक कार्यवाही के लिए सीएमओ, यातायात प्रभारी एवं तहसीलदार को निर्देश जारी किए गए थे। इस क्रम में अब मुख्य डाकघर के निकट स्थापित रेत मण्डी में समतलीकरण का कार्य कराया गया। नपा द्वारा यहां रेत मण्डी नाम का बोर्ड भी लगवाया गया है।

## चैत्र नवरात्रि पर लगने वाले मेले को लेकर बैठक संपन्न

# मां कलेही देवी मंदिर परिसर में हुआ आयोजन





**पवई।**

आगामी 30 मार्च से चौत्र नवरात्रि पर लगने वाले माता कलेही देवी मंदिर में ऐतिहासिक मेले को लेकर मंगलवार को मंदिर परिसर में एसडीएम समीक्षा जैन की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया,जिसमें मेले के सफल आयोजन को लेकर विभिन्न व्यवस्थाओं हेतु विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी को दिशा निर्देश दिए गए। जिसमें विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पीडब्ल्यूडी विभाग, नगर परिषद,वन विभाग को उनके द्वारा की जाने वाली व्यवस्थाओं जैसे मेले में लगने वाली दुकानों, विद्युत, पेयजल स्वास्थ्य, महा आरती,भंडारे, जवारे विसर्जन सुरक्षा व्यवस्था के बारे में भी बताया गया,साथ ही बैठक में आए हुए गणमान्य नागरिकों आदि से मेले को पुनर्जीवित करने के लिए सुझाव भी लिए गए। इस दौरान सुझाव के दौरान कलेहन मेला की कम होती लोकप्रियता को लेकर चिंता व्यक्त की गई जिसपर नगर के वरिष्ठ व अधिमान्य पत्रकार अजीत जैन द्वारा मेले में लोगों का आकर्षण बढ़ाने,मेले को पुनर्जीवित बनाने हेतु बुंदेली लोक गायन व सांस्कृतिक कार्यक्रम का सुझाव रखा गया। जिसको लेकर एसडीएम द्वारा जिला कलेक्टर से अनुमति लेने की बात कही गई। इस दौरान तहसीलदार प्रीति पंथी,थाना प्रभारी त्रिवेंद्र त्रिवेदी,खंड चिकित्सा अधिकारी प्रशांत भदोरिया, मुख्य नगर पालिका अधिकारी तबस्सुम खान,नायब तहसीलदार शिवम गौतम, परियोजना अधिकारी डी सी अहिरवार के साथ मंडल अध्यक्ष निधि पटेरिया, मंदिर पुजारी हरिकेश बढौलिया कान्हु राजा, प्रदीप मिश्रा सहित नगर के गणमान्य नागरिक पत्रकार गण मौजूद रहे।

# पन्ना के जंगल में मिला दुर्लभ पीले फूल वाला सेमल का पेड़

## पेड़ की खोज प्रकृति एवं पर्यावरण संरक्षण कार्यकर्ता अजय चौरसिया ने की

**पन्ना।**

पन्ना के जंगल अपनी प्राकृतिक सुंदरता और समृद्ध जैव विविधता के लिए प्रसिद्ध हैं। यह क्षेत्र घने जंगलों, दुर्लभ वस्पतियों और दुर्लभ वन्यजीवों का घर है। वन मंडलाधिकारी दक्षिण वन मंडल पन्ना श्री अनुपम शर्मा जी ने बताया कि यहाँ हाल ही में एक दुर्लभ पीले फूल वाला सेमल का पेड़ पाया गया है, सेमल के पेड़ को बॉम्बैक्स सीबा के नाम से भी जाना जाता है। सेमल का पेड़ आमतौर पर लाल रंग के फूलों के लिए जाना जाता है, लेकिन पीले फूल वाला सेमल अत्यंत दुर्लभ है। पन्ना के जंगल में इस पेड़ का पाया जाना यह दर्शाता है कि यह क्षेत्र जैवविविधता के मामले में कितना समृद्ध है। इस पेड़ की खोज प्रकृति एवं पर्यावरण संरक्षण कार्यकर्ता अजय चौरसिया ने की। उन्होंने इस दुर्लभ पेड़ की तस्वीर लेकर इसकी पुष्टि की है। पन्ना न केवल दुर्लभ पेड़ों के लिए जाना जाता है, बल्कि यहाँ की वन्यप्राणियों की जैवविविधता भी



अत्यंत संपन्न है। यहाँ बाघ, तेंदुआ, हिरण, भालू और कई दुर्लभ पक्षियों की प्रजातियां पाई जाती हैं, जो इस क्षेत्र की प्राकृतिक संपदा को दर्शाती हैं। अजय चौरसिया ने इस पेड़ की खोज के साथ ही इसके संरक्षण की अपील की है। उन्होंने कहा कि ऐसे दुर्लभ पेड़ों का संरक्षण बेहद जरूरी है जिससे विलुप्ति की कगार में पहुँच चुकी वनस्पतियों के वंश को बढ़ाया जा सके, ताकि आने वाली पीढ़ियां भी प्रकृति की इस खूबसूरती को देख सकें। संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और इन पेड़ों को संरक्षित करने के लिए वन विभाग के साथ ही स्थानीय लोगों का सहयोग बहुतआवश्यक है ।पन्ना की जैवविविधता को सुरक्षित रखने के लिए इस प्रकार दुर्लभ पेड़ो का मिलना प्रेरणादायक उदारहरण है। इससे न केवल पर्यवरण प्रेमियों को प्रोत्साहन मिलेगा बल्कि अन्य दुर्लभ प्रजातयों के संरक्षण के लिए भी प्रयास किये जाएंगे।

### इनका कहना है

पन्ना के जंगलों में प्रकृति प्रेमी अजय चौरसिया द्वारा दुर्लभ पीले फूल वाले सेमल को खोजा गया है। यह जैव विविधता का अनूठा उदाहरण है, जो क्षेत्र की पारिस्थितिक समृद्धि को दर्शाता है। वन विभाग इस दुर्लभ खोज पर आगे अध्ययन करेगा।

**वनमंडालधिकारी दक्षिण पन्ना वन मण्डल अनुपम शर्मा**

वन मंडलाधिकारी के मार्गदर्शन में मार्गदर्शन में उक्त वृक्ष के बीज को संग्रहण कर पौध तैयार कर अन्य जगहों में रोपित किया जाएगा इसके लिये शीघ्र ही सामाजिक वानिकी सागर वन मण्डल द्वारा बीजों के पौधे तैयार करने हेतु कहा गया।

**श्री नितिन कुमार निगम उप वनमण्डलाधिकारी कल्दा**

# अजयगढ़ तहसील के प्रसिद्ध देव पर्वत की नष्ट होती विरासत

**पन्ना।**

अजयगढ़ तहसील क्षेत्र के अंतर्गत देव गाय के पास देव पर्वत नाम का एक एक रमणीक धार्मिक स्थल है जो की हजारों साल प्राचीन है यहां पर भगवान राम के आगमन के प्रमाण पर्वत के सबसे ऊपरी शिखर पर मौजूद है यहां पर सीता रसोई नाम से एक कलात्मक मंदिर बना हुआ है जहां पर एक सुंदर पत्थरों से अलंकृत हवन कुंड भी है जिसे भक्तगण सीता रसोई नाम से संबोधित करते हैं यहीं पर सिद्धनाथ बाबा की समाधि भी बनी हुई है सिद्धनाथ बाबा पर क्षेत्रवासी अपार श्रद्धा करते हैं और संकटों से रक्षा के लिए सिद्धनाथ बाबा की दुहाई देते हैं देव पर्वत के बीच के स्थान पर एक गुफा में राधा कृष्ण जी विराजमान है यहीं से एक सुरंग भी दिखाई देती है जो वर्तमान में बंद है बताया जाता है कि यह सुरंग का रास्ता पर्वत की ऊपरी शिखर पर जाकर खुलता था लेकिन वर्तमान में यह बंद कर दिया गया है राधा कृष्ण जी की गुफा के पास कुंड भी बने हुए हैं यहां पर एक कुंड में चट्टानों को तरस करके सुंदर कुंड का निर्माण किया गया था और कुंड के दूसरी तरफ शंकर जी की जलहरी भी विराजमान है भक्तगण कुंड के जाल में स्नान करके महादेव जी को जल अर्पित करते हैं प्राचीन समय में देव पर्वत की परिक्रमा का विधान रहा है भक्तगण देव पर्वत की परिक्रमा करते थे और शंकर जी में जल अर्पित करते थे जिस तरह चित्रकूट के कामदगिरि पर्वत की परिक्रमा करने का विधान है इस तरह प्राचीन समय में देव पर्वत की परिक्रमा करने का विधान रहा है लेकिन हजारों सालों से पहाड़ के निरंतर कटाव से परिक्रमा पथ अत्यंत कठिन



हो गया है यहीं पर एक चट्टान पर पैरों के निशान भी बने हुए हैं जिन्हें लोग भी का पंजा कहते हैं बताया जाता है कि प्राचीन समय में जब स्वर्ग लोक में राक्षसों का कब्जा हो गया था तब उनसे बचने के लिए देवताओं ने इसी पर्वत में अपना निवास बनाया था एक मान्यता यह भी है कि दैत्य गुरु शुक्राचार्य की पुत्री देवयानी ने यहां पर कठोर तपस्या की थी अजयगढ़ के महान साहित्यकार स्वर्गीय अंबिका प्रसाद दिव्या जी ने स्वर्गीय देवी दयाल पाठक जी ने डॉक्टर हर नारायण सिंह यार जी ने सूर्य प्रकाश गोस्वामी जी ने देव पर्वत की महिमा के बारे में अपने जीवन काल में काफी कुछ लिखा था देव पर्वत की महिमा अत्यंत प्राचीन है चंदेल राजाओं की एवं बुंदेला राजाओं की एवं आसपास के कई रियासतों के राजाओं की क्षेत्रीय जनता की अपार श्रद्धा देव पर्वत में रही है स्वतंत्रता के बाद सत्ताधारी दलों द्वारा यहां के विकास के संबंध में ज्यादा कुछ नहीं किया गया जिसके कारण से देव पर्वत उपेक्षा का शिकार होकर रह गया और यहां की अमूल्य कलाकृतियां अमूल धरोहर हम सब की अमूल्य विरासत नष्ट होने की कगार में पहुंच चुकी है सीता रसोई नाम से विख्यात मंदिर दिनों दिन खंडहर में बदल रहा है जबकि यह अद्भुत कलाकृति का नमूना है लेकिन यहां पर वर्तमान में पहुंच पाना अत्यंत कठिन है क्योंकि हजारों सालों से पहाड़ के निरंतर कटाव से यहां पहुंच वाले रास्ते अत्यंत कठिन हो गए हैं भक्तगढ़ जान जोखिम में डाल करके सीता रसोई के दर्शन करने और सिद्धनाथ बाबा जी की समाधि के दर्शन करने जाते हैं अजयगढ़ क्षेत्र विकास संघ के संयोजक राम पाठक ने देव पर्वत के बारे में देव पर्वत की प्राचीन महत्वता के बारे में एक फोल्डर का प्रकाशन भी लगभग 5 वर्ष पहले किया था जिसमें देव पर्वत के बारे में काफी कुछ लिखा है अजयगढ़ क्षेत्रीय विकास संघ के संयोजक राम पाठक ने शासन प्रशासन से क्षेत्रीय विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह जी से देव पर्वत के विकास के संबंध में ध्यान देने की अपील की है यदि शीघ्र ही यहां की कलात्मक मंदिर के संरक्षण एवं जीवनोद्धार के उपाय नहीं किए गए तो हमारी प्राचीन विरासत नष्ट हो जाएगी।



## शराब ठेका के विरोध में उतरे ग्रामीण, सरपंच के साथ सैकड़ों महिलाओं एवं पुरुषों ने विरोध प्रदर्शन कर कलेक्टर को सौंपा आवेदन

**मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री से लगाई गांव को नशे में डूबने से बचने की गुहार**

**पन्ना।** मध्य प्रदेश शासन द्वारा आबकारी नीति में बदलाव करते हुए पूरे जिले का शराब ठेका एक ही ठेकेदार को सौंपा गया है। इसके साथ ही कुछ नगरीय क्षेत्रों की शराब दुकानें ग्रामीण क्षेत्रों में शिफ्ट की जा रही हैं जिसका विरोध होने लगा है। ऐसा ही मामला पन्ना जिले के बघवार कला का सामने आया है। ग्राम पंचायत बघवार कला की सैकड़ों महिलाओं और पुरुषों ने जिला मुख्यालय पहुंच कर कलेक्ट्रेट में विरोध प्रदर्शन और नारेबाजी करते हुए आबकारी अधिकारी, कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक के नाम आवेदन सौंप कर शराब ठेका ग्राम पंचायत बघवार कला से दूर खोलने की मांग उठाई है।ग्रामीणों ने बताया कि रैपुरा व मोहंद्रा का शराब ठेका ग्राम बघवार कला में शिफ्ट किया जा रहा है। जहां पुलिस चौकी भी नहीं है, पूर्व में यहां शराब की वजह से यहां लड़ाई झगड़ा एवं अत्यधिक शराब के सेवन से एक व्यक्ति की मौत भी हो चुकी है, गांव के आसपास शराब ठेका खुलने से बाहर के लोग यहां शराब का सेवन करने आएंगे जिससे अपराध बढ़ेंगे और महिलाएं बेटियां भी असुरक्षित हो जाएगी, इसलिए गांव के लोग शराब से नफरत करते हैं और अपने गांव के आसपास शराब की दुकान खोलने के विरोध में हैं। यदि गांव के आसपास शराब की दुकान खोली जाती है तो संपूर्ण ग्रामीण महिलाएं और पुरुष अनिश्चितकालीन आंदोलन के लिए बाध्य होंगे जिसकी संपूर्ण जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी। विरोध प्रदर्शन एवं आवेदन के दौरान सरपंच सुनीता लोधी, उपसरपंच सुनीता बाई, कौशल्या बाई, राजकुमारी, जलसा बाई, लाड़ली बाई, दुखनी बाई, साबू लाल लोधी, नीरज लोधी, कैलाश सिंह, घनश्याम सिंह, आनंदी लोधी सहित लगभग सैकड़ा भर से अधिक महिलाएं और पुरुष शामिल रहे।

# गृह ग्राम उमहरठ में जपं पवई अध्यक्ष मोहिनी आनंद मिश्रा द्वारा होली मिलन समारोह

**पवई।**

जनपद पंचायत पवई अध्यक्ष श्रीमती मोहनी आनंद मिश्रा द्वारा भाजपा जिला अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा डब्बू भैया मुख्य अतिथि एवं सभी जनपद सदस्यों, ग्राम पंचायतों के सरपंच और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में अपने गृह ग्राम उमहरठ में 24 मार्च 2025 सोमवार को भव्य होली मिलन समरोह का आयोजन किया जिसमें आसपास के लोक कलाकारों राय एवं फाग की टीमों द्वारा आकर्षक बुंदेली राई और फाग का आयोजन किया गया। आयोजित होली मिलन समारोह में पवई जनपद क्षेत्र के सरपंच एवं जनपद सदस्य एवं राजनीतिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जनपद अध्यक्ष श्रीमती मोहिनी आनंद मिश्रा ने गुलाब के फूलों के साथ एवं उपस्थित सभी ने एक दूसरे से गले मिलकर रंग गुलाल लगाते हुए होली की शुभकामनाएं दी। होली मिलन समारोह में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों, सरपंचों और जनपद सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग



लिया और एक साथ होली खेली। भाजपा जिला अध्यक्ष ब्रजेन्द्र मिश्रा ने होली मिलन समारोह की सराहना की और कहा कि ऐसे आयोजनों से सामाजिक संबंध मजबूत होते हैं और हम सब मिलकर अपने समाज को आगे बढ़ाने की दिशा में काम कर सकते हैं। कार्यक्रम के समापन पर मोहनी आनंद मिश्रा ने सभी का धन्यवाद करते हुए इस तरह के आयोजन को सामाजिक एकता और सहयोग की दिशा में महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम मे जनपद पंचायत पवई उपाध्यक्ष सुखदेव सिंह, भाजपा नेता दीपेंद्र सिंह परमार, भारतेन्दु सिंह परिहार (दाऊ), गुलाब मधु सोनी, पवई जनपद पंचायत सदस्य कमलेश कुमार तिवारी, श्रीमती नंदनी चौधरी, दयाशंकर लोधी बनौली, रोहित दुबे कोनी, नीरज दुबे सुनवानी, प्रकाश प्रजापति कोलकरहैया, भागचंद चौरसिया मोहंद्रा, राम चरण चौधरी सगर, भारतेंदु सिंह बिरसिंहपुर, सुम्मेर सिंह झंझार, मनोज कुमार तिवारी सरपंच नारायणपुरा, सहित सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### उप स्वास्थ्य केन्द्र और आंगनबाड़ी केन्द्रों पर नहीं हो रहा टीकाकरण



छतरपुर। गौरिहार जनपद के पलटा वार्ड से जनपद सदस्य भावना राजे ने मंगलवार को जनसुनवाई में कलेक्टर को आवेदन देते हुए बताया कि ग्राम पंचायत पल्टा के उप स्वास्थ्य केन्द्र और आंगनवाड़ी केन्द्रों पर नियमित टीकाकरण न होने से गर्भवती और शिशुवती महिलाएं परेशान हैं। भावना राजे ने बताया कि पिछले 5 माह से गांव का उप स्वास्थ्य केन्द्र बंद है, इसके साथ ही आंगनवाड़ी केन्द्रों पर भी टीकाकरण नहीं हो रहा है। पूर्व में इस आशय की शिकायत किए जाने के बाद सिर्फ एक बार आंगनवाड़ी केन्द्र पर टीकाकरण किया और बाद में फिर से हालात जस के तस हो गए। उन्होंने बताया कि पल्टा उप स्वास्थ्य केन्द्र पर आसपास के दर्जनों गांव निर्भर हैं। अस्पताल बंद रहने के कारण लोगों को परेशानी हो रही है। भावना राजे का आवेदन लेकर कलेक्टर ने कार्रवाई कराने का भरोसा दिया है।

### हिन्दू संस्कृति के रंग में रंगे विदेशी सैलानी



छतरपुर। एक ओर जहां भारतीय युवा विदेशी संस्कृति की ओर रुख कर रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर विदेशियों को भारतीय संस्कृति अपनी ओर आकर्षित कर रही है। ताजा मामला पर्यटन नगरी खजुराहो से सामने आया है जहां मंगलवार को विदेशी पर्यटकों के एक दल को सनातन धर्म की पताका लहराते हुए देवी मां के मंदिर में पूजा-अर्चना करते हुए देखा गया।बताया गया है कि रूस के पर्यटकों का 17 सदस्यीय दल खजुराहो भ्रमण के लिए आया था। मंगलवार को इस दल में शामिल 15 महिलाएं और 2 पुरुष खजुराहो के एक होटल से ढोल-नगाड़ों के साथ स्थानीय बघराजन मंदिर पहुंचे। महिलाओं के सिर पर मंगल कलश थे, जबकि पुरुषों के हाथ में सनातन धर्म की पताका। मंदिर में सभी विदेशी सैलानियों ने हिन्दू देवी-देवताओं की प्रतिमाओं का अभिषेक किया और काफी देर तक राधा-कृष्ण संकीर्तन करते रहे। इसके बाद विदेशी सैलानियों ने हवन करने की इच्छा जाहिर की जिस पर मंदिर के पुजारी श्रीराम रिछारिया ने वैदिक रीति-रिवाज से हवन-पूजन कराया।

### किसान मोर्चा ने वृद्धाश्रम में मनाया सीएम का जन्मदिन



छतरपुर। प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के जन्मदिन को शहर में किसान मोर्चा द्वारा धूमधाम से मनाया गया। किसान मोर्चा ने मंगलवार को सीएम के जन्मदिन पर जिला अस्पताल में स्थित वृद्धाश्रम पहुंचकर बुजुर्गों के बीच मुख्यमंत्री का जन्मदिवस मनाया और उनके लंबी उम्र की कामना की। भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष बॉबीराजा ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रदेश में लगातार विकास किए जा रहे हैं। 25 मार्च को उनका जन्मदिन प्रदेश में धूमधाम से मनाया गया है। जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। इसी क्रम में छतरपुर शहर के जिला अस्पताल में स्थित वृद्धाश्रम में भाजपा किसान मोर्चा द्वारा सुंदरकाण्ड पाठ का आयोजन किया गया। इसके बाद वृद्धजनों को फल वितरण एवं वृद्धजनों के साथ केक काटकर सीएम के लंबी उम्र की प्रार्थना की गई। इस मौके पर भाजपा किसान मोर्चा के अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।

पानी भरने को लेकर हुआ था विवाद, सिर में आई गंभीर चोट

# भतीजों ने चाचा पर किया कुल्हाड़ी-डंडों से हमला



छतरपुर। जिले के गुलगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम गढ़ा में कुंए से पानी भरने को लेकर चाचा-भतीजों के बीच हुए विवाद में भतीजों ने चाचा पर कुल्हाड़ी-डंडों से हमला कर दिया। मारपीट में चाचा के सिर में गंभीर चोट आई है, जिसके चलते उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक गढ़ा निवासी 40 वर्षीय भगंता रजक मंगलवार की सुबह करीब 7 बजे अपनी पत्नी सुमन के साथ घर के पास स्थित कुंए से पानी भरने गया था। जैसे ही भगंता ने मोटर पंप चालू किया, वैसे ही उसके बड़े भाई के चारों पुत्र फुफलेश, दलु, काशीराम और देशु रजक ने उसके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। जब भगंता ने उनका विरोध किया तो चारों ने मिलकर उस पर कुल्हाड़ी और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। मारपीट के कारण भगंता घटनास्थल पर ही बेहोश हो गया था। आरोपियों के भागने के बाद परिजन तुरंत उसे निजी वाहन से जिला अस्पताल लाए, जहां उसका इलाज किया जा रहा है। भगंता रजक ने बताया कि जब मारपीट हो रही थी तब उसका बड़ा भाई रमेश रजक भी मौके पर मौजूद था लेकिन उसने भी अपने पुत्रों को रोकने का प्रयास नहीं किया। गुलगंज थाना प्रभारी गुरुदत्त शेष ने बताया कि घायल के कथन लेने के लिए पुलिस टीम को अस्पताल भेजा गया है, जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।

# चोरों ने अस्पताल को भी नहीं छोड़ा यहां लैब में घुसा चोर पकड़ा गया

नौगांव। नगर के सामुदायिक स्वास्थ केंद्र की लैब में खिड़की का कांच तोड़ कर चोरी करने का प्रयास हुआ असफल,चोरी करने के इरादे से लैब के अंदर घुसा चोर पकड़ा गया। मिली जानकारी के अनुसार चोरी की बारदात को अंजाम देने के मामले में चोर को अस्पताल में लोगों की मदद से पकड़ा गया जिसे पुलिस के हवाले किया गया। बताया जाता है कि आरोपी देवेंद्र कुशवाहा पिता रामादीन उम्र 25 वर्ष निवासी सिंगरावन बीती रात चोरी को अंजाम देने नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दाखिल हुआ जहां उसने अस्पताल की लैब में हाथ साफ करने की खातिर प्रवेश किया जहां लैब में मंहगी महंगी विभिन्न प्रकार की जांच करने की मशीनें रखी हुई थी। वह तो अच्छा हुआ कि चोर को दबोच लिया। वरना लाखों रुपए कीमती मशीनों की हो सकती थी चोरी। नौगांव थाना प्रभारी सतीश सिंह ने बताया कि 151 की कार्यवाही की गई है वहीं अस्पताल में नहीं है कोई ठोस सुरक्षा व्यवस्था, पिछले काफी समय से अस्पताल में पुलिस चौकी खोलने की हो रही मांग।

## आम रास्ते पर दबंग ने किया कब्जा, ग्रामीण परेशान



छतरपुर। लवकुशनगर तहसील क्षेत्र के ग्राम गिरधौरी के ग्रामीण इन दिनों गांव के एक दबंग व्यक्ति से परेशान हैं। दरअसल दबंग ने खेतों की ओर जाने वाले आम रास्ते पर कब्जा कर लिया है, जिस कारण से ग्रामीणों को आने-जाने में परेशानी हो रही है। मंगलवार को ग्रामीणों ने जनसुनवाई में कलेक्टर को परेशानी बताकर समस्या का निदान कराने की मांग की है।गिरधौरी निवासी रामप्रसाद कुशवाहा ने बताया कि गांव से खेतों की ओर जाने वाले आम रास्ते पर रामकिशोर दीक्षित ने कब्जा कर लिया है जिससे गांव के लोग खेतों पर नहीं जा पा रहे हैं। रामप्रसाद ने बताया कि जिस रास्ते पर कब्जा किया गया है, उस रास्ते से ग्रामीण कई दशकों से आवागमन करते आ रहे हैं। स्थानीय अधिकारियों से भी मामले की शिकायत की गई लेकिन समस्या का निदान नहीं हो सका है। चूंकि खेतों तक जाने के लिए ग्रामीणों के पास यही एकमात्र रास्ता है इसलिए ग्रामीणों ने कलेक्टर को आवेदन देकर रास्ते को कब्जा मुक्त कराने की मांग की है।

# शादी से एक सप्ताह पहले लड़की को भगा ले गया युवक

**परिजनों का आरोप- पुलिस ने रिपोर्ट में नहीं लिखा युवक का नाम**



छतरपुर। बमीठा थाना क्षेत्र के ग्राम हीरापुरवा निवासी कुशवाहा परिवार की लड़की का 11 मार्च को विवाह होना था लेकिन विवाह से एक सप्ताह पहले मोहल्ले का रहने वाला युवक, लड़की को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया। लड़की के परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने रिपोर्ट में युवक के नाम का उल्लेख नहीं किया है। मंगलवार को जनसुनवाई में आवेदन देने आए हीरापुरवा निवासी बुजुर्ग चैनी कुशवाहा ने बताया कि उसकी नातिन का विवाह 11 मार्च को होना था। 4 मार्च की रात करीब 10 बजे मोहल्ले के लोटन कुशवाहा का पुत्र प्रकाश कुशवाहा, उसकी नातिन को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया। चैनी के मुताबिक लड़की आने साथ 65 हजार रुपए नगद तथा सोने-चांद के आभूषण भी ले गई है। चैनी ने बताया कि उसने बमीठा थाना पुलिस को पूरे मामले की जानकारी दी लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट में न तो प्रकाश कुशवाहा का नाम लिखा और न ही संपत्ति का जिक्र किया। जनसुनवाई में आवेदन देकर चैनी कुशवाहा ने प्रकाश कुशवाहा की तलाश कर उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई कराए जाने की मांग की है।

## मुर्गी चोरी करके भाग रहे थे युवक, बच्चों ने रोका तो की मारपीट



छतरपुर। बमीठा थाना क्षेत्र के ग्राम देवगांव के दो युवक, गांव के एक मुर्गी पालक के घर से मुर्गी चुराकर भाग रहे थे तभी बच्चों ने उन्हें देखकर शोर मचा दिया। इसी बात से नाराज होकर मुर्गी चोर युवकों ने बच्चों के साथ मारपीट कर दी। मंगलवार की सुबह बच्चों के परिजन ने बमीठा थाना में शिकायत दर्ज कराई है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक देवगांव निवासी वीरन और राजू नाम के दो युवक मुर्गी पालन करने वाले संतोष बंसल के घर से एक मुर्गी चुराकर भाग रहे थे, तभी संतोष के पुत्र अजीत ने उन्हें देख लिया और शोर मचा दिया। अजीत द्वारा शोर मचाए जाने पर दोनों ने मिलकर उसके साथ मारपीट कर दी। मंगलवार की सुबह अजीत के माता-पिता ने बमीठा थाना पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई है।

### सागर जिले में की हत्या, छतरपुर जिले में फेंका शव

**पुलिस को मिली अज्ञात लाश का हुआ चौंकाने वाला खुलासा**

छतरपुर। 4 दिन पहले गुलगंज थाना पुलिस को थाना क्षेत्र के एक स्थान पर मिली अज्ञात लाश के मामले का चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। बताया गया है कि मृतक पड़ोसी जिले सागर का रहने वाला था, जिसकी हत्या के उसके ही चचेरे परिवार द्वारा की गई थी। हत्या के बाद आरोपियों ने शव को गुलगंज थाना क्षेत्र में फेक दिया था। हत्या करने वाले मृतक के चचेरे भाई गिरफ्तार हो चुके हैं, जबकि चाचा-चाची की तलाश जारी है।

### बाईक से जा रहे छात्र को ट्रक ने कुचला, मौके पर हुई दर्दनाक मौत



छतरपुर। मातगुवां थाना क्षेत्र के छिरावल तिराहे पर मंगलवार की सुबह एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाईक से जा रहे छात्र को कुचल दिया, जिससे छात्र की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। बताया गया है कि छतरपुर निवासी रामकृपाल रैकवार का 26 वर्षीय पुत्र दीपक रैकवार सुबह करीब 11 बजे अपनी बाईक से श्रीकृष्णा विश्वविद्यालय जा रहा था, तभी सागर-कानपुर हाईवे के छिरावल तिराहे पर तेज रफ्तार ट्रक ने उसकी बाईक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद दीपक ट्रक के सामने गिर गया और ट्रक का पहिया दीपक के ऊपर से गुजरने के कारण मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर भाग निकला था। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद मातगुवां पुलिस ने एंबुलेंस के माध्यम से दीपक के शव को जिला अस्पताल पहुंचाया। दोपहर में पोस्टमार्टम किए जाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। वहां मातगुवां पुलिस दोनों वाहनों को जप्त कर ट्रक चालक की तलाश में जुटी हुई है।

थाना प्रभारी पर लगे रंजिश के तहत झूठे मामले दर्ज करने के आरोप

## रस्सी लेकर एसपी ऑफिस पहुंचा युवक, कहा- न्याय न मिला तो आत्महत्या करूंगा



छतरपुर। हरपालपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले एक युवक ने मंगलवार को जिला मुख्यालय पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन देते हुए कहा कि हरपालपुर थाना प्रभारी ने उसके ऊपर रंजिश के तहत कई झूठे मामले दर्ज कर दिए हैं। युवक रस्सी हाथ में लेकर एसपी ऑफिस पहुंचा था और उसका कहना था कि यदि उसे न्याय नहीं मिला तो वह आत्महत्या कर लेगा। ग्राम गलान निवासी बृजपाल पुत्र ग्यासी अहिरवार ने बताया कि 7 अक्टूबर 2024 को गांव के कुछ लोगों के साथ पुलिसकर्मियों द्वारा मारपीट की गई थी, जिसके वीडियो उसने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को भेज दिए थे। इसी बात से हरपालपुर थाना प्रभारी पुष्पक शर्मा नाराज हो गए। बृजपाल के मुताबिक इसी नाराजगी के चलते थाना प्रभारी पुष्पक शर्मा ने हरपालपुर थाना में उसके विरुद्ध कई झूठे मामले दर्ज कर दिए हैं। बृजपाल ने बताया कि उसके ऊपर दर्ज किए गए एक मामले में जिस लड़की को फरियादी बनाया गया है, वह लड़की कभी उससे मिली नहीं है। जब लड़की से बृजपाल ने बात की तो उसने बताया कि हरपालपुर थाना प्रभारी के कहने पर उसने बयान दिए हैं। बृजपाल के ऊपर दर्ज किए गए एक अन्य मामले में जिस समय का उल्लेख किया गया है उस समय पर वह अपने घर पर चल रहे जन्मदिन समारोह में था, जिसके फोटो-वीडियो उसके पास हैं। बृजपाल ने एसपी ऑफिस में आवेदन देकर उसके ऊपर दर्ज किए गए मामलों की निष्पक्ष जांच कराने और थाना प्रभारी पुष्पक शर्मा पर कार्रवाई कराए जाने की मांग की है।

### थाना प्रभारी बोले- आरोप बेबुनियाद



वहीं इस मामले में हरपालपुर थाना प्रभारी पुष्पक शर्मा ने बताया कि गलान निवासी बृजपाल के विरुद्ध तीन मामले पहले से दर्ज हैं और चौथा नया मामला मंगलवार को दर्ज हुआ है। उन्होंने बताया कि बृजपाल के ऊपर दर्ज दो मामलों में कोर्ट ने उसे आरोपी बनाया है। तीसरा मामला उसके परिवार के लोगों से ही विवाद का था, जिसमें क्रॉस केस दर्ज किया गया था। मंगलवार को दर्ज हुए मामले की फरियादी सीता अहिरवार का कहना है कि बीते रोज बृजपाल ने राजीनामा का दबाव बनाने के लिए उसके साथ मारपीट की है। सीता की शिकायत पर बृजपाल सहित तीन लोगों पर मामला दर्ज किया गया है। बृजपाल द्वारा रंजिश के तहत अपराध दर्ज करने के जो आरोप लगाए जा रहे हैं, वे सभी बेबुनियाद हैं।

# युवक ने छोटे भाई पर धारदार हथियार से हमला कर उतारा मौत के घाट



### खून के रिश्ते पर भारी पड़ा संपत्ति का विवाद, आरोपी गिरफ्तार

नौगांव/छतरपुर। नगर के बीचों बीच गर्ल्स स्कूल के पास सोमवार की रात को उस समय अफरा-तफरी मच गई। जब एक युवक ने अपने ही छोटे भाई पर धारदार हथियार से हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया। मामला संपति के विवाद का था जो कि खूने के रिश्ते पर भारी पड़ा है। हत्या करने के बाद आरोपी भागने की फिराक में था लेकिन पुलिस की मुश्तैदी के चलते उसे तुरंत ही गिरफ्तार कर लिया गया। मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद मृतक का शव परिजनों को सौंप दिया गया।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक गर्ल्स स्कूल के पास रहने वाला बृजकिशोर उर्फ बैजू पुत्र स्व. झंडू विश्वकर्मा उम्र 42 वर्ष सोमवार की रात करीब 8 बजे घर के बाहर मौजूद दुकान पर था, तभी उसका 45 वर्षीय बड़ा भाई आनंद विश्वकर्मा पहुंचा और धारदार हथियार से बृजकिशोर पर हमलाकर उसे मौत के घाट उतार दिया। घटना के बाद मौके पर कोहराम की स्थिति निर्मित हो गई। घटना को अंजाम देने के बाद आनंद विश्वकर्मा मौके से भाग निकला। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी जिस पर पुलिस की एक टीम ने आरोपी आनंद विश्वकर्मा को कोठी चौराहा पर पकड़ लिया। वहां बृजकिशोर को आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद नौगांव एसडीओपी अमित मेश्राम और थाना प्रभारी सतीश सिंह सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंच गया था। मंगलवार को शाम को पुलिस ने आरोपी आनंद विश्वकर्मा को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया।

उल्लेखनीय है कि मृतक बृजकिशोर विश्वकर्मा 4 भाईयों में सबसे छोटा था और अपने सबसे बड़े भाई के साथ गर्ल्स स्कूल के पास रहता था। दूसरे भाई का पूर्व में निधन हो चुका है जबकि तीसरा भाई आनंद विश्वकर्मा (आरोपी) नौगांव के ही ईशानगर चौराहे पर रहता है। बताया गया है कि आरोपी आनंद विश्वकर्मा, भाईयों के बीच हुए पैत्रिक संपत्ति के बंटवारे से संतुष्ट नहीं था और अपने भाईयों से नाराज था। शुक्रवार को सबसे बड़ा भाई किसी काम से बाहर गया था और मृतक बृजकिशोर विश्वकर्मा घर पर अकेला था तभी आनंद ने उसे मौत के घाट उतार दिया।

**इनका कहना है -**

नौगांव नगर पालिका के सामने स्थित दुकान पर संपत्ति के विवाद में भाई ने भाई की हत्या की है। आरोपी के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया है। आरोपी के कब्जे से हत्या में प्रयुक्त किए गए धारदार को जप्त हुआ है।

अमित मेश्राम, एसडीओपी, नौगांव

### जन सुनवाई में प्राप्त आवेदनों का गंभीरता के साथ निराकरण करें अधिकारीः कलेक्टर



सिंगरौली। जिले के विभिन्न अंचलो स आयें हुयें 165 लोगो ने कलेक्ट्रेट में आयोजित जन सुनवाई में कलेक्टर चन्द्र शेखर शुक्ला को अपना आवेदन देते हुयें अपनी समस्याओं से अवगत कराया। कलेक्टर ने सभी आवेदन पत्रो पर गंभीरता से विचार करते हुये जन सुनवाई में उपस्थित विभागीय अधिकारियों से कई आवेदन पत्रो का जन सुनवाई में ही निराकरण कराया गया। साथ ही ऐसे आवेदन जिनका निराकरण जन सुनवाई के दौरान नही हुआ उनके आवेदनों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि सबंधित आवेदनो पर तत्परता दिखाते हुयें समय सीमा में निराकरण सुनिश्चित कराये।जन सुनवाई के दौरान अपर कलेक्टर पी.के सेन गुप्ता, संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेय, सीएमएचओ एन.के जैन, राजस्व अधिकारी नगर निगम आरपी बैस सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## पुलिस अधीक्षक, मनीष खत्री ने फरियादी की समस्या सुनी



सिंगरौली। पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय, जिला सिंगरौली में जनसुनवाई आयोजित की गई। इस जनसुनवाई में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक रंजन जिला सिंगरौली, नगर पुलिस अधीक्षक विंध्यनगर पी. एस. परस्ते, थाना प्रभारी नवानगर ज्ञानेन्द्र सिंह , उप निरी. रुपा अग्निहोत्री थाना बैढ़न सहित पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए आवेदकों ने अपनी शिकायतें प्रस्तुत कीं। पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री ने प्रत्येक फरियादी से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। कई शिकायतों का मौके पर ही निराकरण किया गया, जबकि शेष प्रकरणों में वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए राजपत्रित अधिकारी (पुलिस), थाना प्रभारियों एवं चौकी प्रभारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। महिला फरियादियों की शिकायतों पर विशेष ध्यान देते हुए महिला अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा उनकी काउंसलिंग कराई गई। साथ ही, उनकी समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए संबंधित थाना प्रभारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। सिंगरौली पुलिस आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में निरंतर प्रयासरत रहेगी।

# एनसीएल की ब्लॉक-बी परियोजना ने ग्राम पंचायत नौढिया में स्वास्थ्य शिविर का किया आयोजन

### 500 लोगों ने करवाया स्वास्थ्य परीक्षण



सिंगरौली। नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) की ब्लॉक-बी परियोजना ने निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत ग्राम पंचायत नौढिया में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में नेहरू शताब्दी चिकित्सालय (एनएससी), जयंत एवं ब्लॉक-बी परियोजना से चिकित्सकों की टीम के द्वारा उपस्थित लोगों के हड्डी रोग, स्त्री रोग, बाल रोग एवं समान्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के आधार पर जांच की गयी। शिविर के दौरान 500 लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। इसके अतिरिक्त शिविर के दौरान उपस्थित लोगों को आवश्यक दवाइयों का निः शुल्क वितरण भी किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय महाप्रबंधक (ब्लॉक-बी), के. डी. जैन, कल्याणी महिला समिति अध्यक्षा, सुनीता जैन सहित परियोजना से अन्य अधिकारी व कर्मचारी एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे। गौरतलब है कि एनसीएल की सभी परियोजना एवं इकाइयों द्वारा समय-समय पर सीएसआर के तहत ऐसे शिविरों का आयोजन किया जाता रहा है। एनसीएल समय समय पर ऐसे स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में एनसीएल की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

## खबर संक्षेप

### जनसुनवाई में बरागांव में नल जल योजना से जल प्रदाय की मांग की

**रीवा।** जनसुनवाई में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने कलेक्ट्रेट में 132 व्यक्तियों की समस्याओं सुनीं। विभिन्न विभागों से संबंधित आवेदनों को अपर कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को समाधानकारक कार्यवाही किये जाने हेतु प्रेषित किया। मोहन सभागार में आयोजित जनसुनवाई में बरागांव के रहवासियों ने नल जल योजनान्तर्गत जल प्रदाय का आवेदन दिया जिसे जनपद सीईओ रीवा को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया। चौखण्डी निवासी पुष्पेन्द्र कुमार द्विवेदी ने नक्शा के विपरीत नहर खोदने के कार्य को रोकने, गाढ़ा 138 निवासी धनेश सोनकर ने अतिक्रमण हटाने, गंगतीरा निवासी ललिता प्रसाद द्विवेदी ने नक्शा सुधार कराने तथा पचोखर निवासी संतोष तिवारी ने खसरा सुधार का आवेदन दिया जिन्हें संबंधित एसडीएम को कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। रामायण साकेत निवासी पटना के समग्र में नाम जोड़कर खाद्यान्न उपलब्ध कराने तथा विरौलिया देवी निवासी किरहाई जवा के खाद्यान्न प्रदाय करने के आवेदनों को खाद्य अधिकारी को, स्वाती साकेत निवासी हिनौता के पीएम आवास की सूची में नाम जोड़ने के आवेदन को जनपद सीईओ सिरमौर को कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। बरौ बैकुण्ठपुर के विक्रेतागणों ने गरीब कल्याण अन्न योजना की राशि प्रदाय किये जाने का आवेदन जनसुनवाई में दिया जिसे महाप्रबंधक केन्द्रीय सहकारी बैंक को कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया। छोटेलाल कोल जोकहा निवासी के आवासीय पट्टा दिलाने तथा हुजूर पड़िया निवासी राजकुमार सिंह के न्यायालय के प्रकरण का पालन कराने के आवेदन को संबंधित तहसीलदार को कार्यवाही करने के लिये प्रेषित किया गया। बिमला मिश्रा धौरहरा ने अधिगृहीत भूमि का मुआवजा देने का आवेदन दिया जिसे भूअर्जन अधिकारी को तथा गड़रहा निवासी श्यामसुन्दर पाण्डेय के जरमोहरा बांध के पानी को खेत तक पहुंचाने के आवेदन को जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री को समुचित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय एवं तहसीलदार जितेन्द्र तिवारी ने भी आमजनों की समस्यायें सुनीं।

### नवागत रीवा जोन डीआईजी राजेश सिंह चंदेल ने पदभार किया ग्रहण

**रीवा ।** रीवा जोन डीआईजी राजेश सिंह चंदेल ने मंगलवार को पदभार संभाला किया है तत्कालीन डीआईजी साकेत पाण्डेय ने प्रभार सौंपा है। मीडिया से चर्चा के दौरान नवजात डीआईजी राजेश सिंह चंदेल ने कहा विंध्य क्षेत्र में मेरी पहली पोस्टिंग है, मुख्य रूप से अपराध, साइबर , नशे की रोकथाम अच्छी पुलिसिंग को प्राथमिकता दी जाएगी। बता दे आईपीएस राकेश सिंह चंदेल 2010 बैच के आईपीएस है पूर्व में एसपी सिवपुरी ,एसपी सिहोर 25 वी बटालियन कमांडेंट डी आई जी के अलावा कई पदो पर सेवाएं दे चुके हैं अब रीवा जोन डीआईजी का पदभार ग्रहण किया है उन्होंने कहां कि मुझे विंध्य में पहली बार काम करने का अवसर मिला है अच्छी पुलिसिंग और अपराधों पर रोकथाम साइबर अपराध और नशे के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करेंगे।

### कलेक्टर ने युवाओं का किया उत्साहवर्धन, लगन व मेहनत से कार्य करने की दी समझाइश

# युवा संगम कार्यक्रम में युवाओं को मिला रोजगार

रीवा। युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने, स्वरोजगार के हितग्राहियों को हितलाभ देने तथा आपरेंटिसशिप मेले के आयोजन के उद्देश्य से युवा संगम कार्यक्रम का जिला मुख्यालय में वृहद आयोजन किया गया। टी.आर.एस. कॉलेज परिसर में आयोजित मेगा जॉब फेयर में 1668 युवाओं को विभिन्न निजी कंपनियों में रोजगार के अवसर पर प्राप्त हुए। स्वरोजगार हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किये गये तथा आपरेंटिसशिप के लिए युवाओं का चयन किया गया। युवा संगम अन्तर्गत आयोजित मेगा जॉब फेयर में टीआरएस कॉलेज के सभागार में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने युवाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि लगन व मेहनत से कार्य करें तथा आधुनिक संचार माध्यमों का सकारात्मक उपयोग कर प्रगति के पथ पर आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि रोजगार मेले में युवाओं की उपस्थिति यह दर्शाती है कि अभी पढ़ाई करने वाले युवा भी अपने भविष्य के प्रति जागरूक हैं और आत्मनिर्भर बनना चाहते हैं। उन्होंने अपेक्षा की कि चयनित युवा अपना कार्य नियमित करें तथा आवश्यकतानुसार इसे अपग्रेड करें। कलेक्टर ने स्वरोजगार के हितग्राहियों से बाजार की आवश्यकतानुसार उत्पाद निर्मित करने की बात कही। उन्होंने युवाओं व हितग्राहियों से अपने कौशल को बेहतर बनाने की अपेक्षा की। कलेक्टर ने विभिन्न कंपनियों में चयनित युवाओं को ऑफर लेटर प्रदान किये तथा मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किये। उन्होंने उद्यानिकी विभाग से चयनित हितग्राहियों को अनुदान राशि के चेक प्रदान किये। इससे पूर्व कलेक्टर ने मेगा जॉब फेयर के पंजीयन काउंटर, काउंसिलिंग काउंटर व विभिन्न कंपनियों के काउंटर में जाकर व्यवस्थायें व प्रक्रिया का अवलोकन किया। उन्होंने कंपनियों के प्रतिनिधियों से जानकारी ली तथा युवाओं से संवाद किया।




इस अवसर पर उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने जानकारी दी कि मेगा जॉब फेयर में 40 कंपनियों द्वारा युवाओं को रोजगार प्रदान किये गये। इससे पूर्व वर्ष 2023 में जिले में 4135 युवा चयनित हुए जिनमें से 1800 युवाओं को ऑफर लेटर मिला जबकि वर्ष 2024-25 में 1886 युवाओं को आफर लेटर दिये गये। उन्होंने बताया कि मेगा जॉब फेयर में 2824 युवाओं का पंजीयन हुआ जिनमें 2239 पुरूष, 574 महिला तथा 11 दिव्यांग शामिल हैं। रोजगार मेले में मिडिया इंडिया प्रा. लि. महाराष्ट्र (जीएमसीसी) में 9, सिनोवा गियर्स एण्ड ट्रांसमिशन प्रा.लि. राजकोट गुजरात तथा पीएसएमएल बॉश ग्रुप पुणे में 2, ट्रांयडेन्ट कंपनी बुधनी सीहोर में 23, रेयान सोलर प्रा. लि. में 4, इंटरनिटी क्वेस्ट्स गुजरात में 180, एसआईएस सिक्योरिटी सिंगरौली में 29, एमआरएफ टायर लिमिटेड गुजरात में 38, महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा नसिक में 126, फ्लिप कार्ट रीवा में 71, अदानी न्यू इंडस्ट्री लिमि कच्छ गुजरात में 32, टाटा मोटर ऑटोमोबाइल कंपनी अहमदाबाद गुजरात तथा रिलायंस सोलर में 92, अनएकेडमी नोएडा में 38, विन्ध्या टेलीलिंक्स रीवा में 11, मानाबुकी पुणे में 31, एक्टिव कंपोनेंट्स गुजरात में 29, एसएसपीएल महाराष्ट्र में 27, अल्ट्राटेक रीवा में 21, ख्याति शील्ड छत्तीसगढ़ में 61, ग्रोफास्ट जबलपुर में 48, यशस्वी ग्रुप भोपाल में 49, डी एण्ड एच सेचरोन कंपनी इंदौर में 26, लार्सन एण्ड टूब्राा में 66, शक्ति पंप इंडिया लिमिटेड में 45, हिन्द फार्मा में 30, प्रगतिशील बायोटेक प्रा.लि. सतना में 82, प्रगतिशील बायोटेक प्रा.लि. रीवा में 80, प्रगतिशील एग्रोटेक प्रा. लि. रीवा 108, एचडीएफसी लाइफ इश्योरेन्स कंपनी लिमि. रीवा में 41, डीएमसी फिनिसिंग स्कूल प्रा. लि. पुणे में 23, आयसर ट्रक एण्ड बस पीथमपुर धार इंदौर में 66, एसबीआई लाइफ में 80, स्वतंत्र माइक्रोफिन प्रा. लि. में 23, जय भारत मारूति हरियाणा में 20, जिंदल पाइप में 16, मुंजाल शोवा में 8, विनप्रेज मीडिया लखनऊ में 9 तथा भारतीय जीवन बीमा निगम रीवा में 17, रोजगार के अवसर उपलब्ध रहेंगे। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन प्राचार्य श्रीमती अर्पिता अवस्थी ने किया। जिला प्रशासन, रोजगार कार्यालय, शासकीय आईटीआई, संभागीय योजना एवं सांख्यिकी, परियोजना एवं संचालक बाल श्रम, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र और टीआरएस कालेज के तत्वाधान में आयोजित मेगा जाब फेयर में सीईओ जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर, विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के नोडल अधिकारी डॉ. अच्युत पाण्डेय, डीएमसी डायरेक्टर गोपेश्वर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, प्राध्यापक, विद्यार्थी तथा कंपनियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## छात्रों से लाखों की धोखाधड़ी, कॉलेज के मैनेजर पर मामला दर्ज



### रानी कॉलेज ऑफ एजुकेशन रौसर का मामला

**रीवा।** शहर के चोरहटा थाना पुलिस ने रानी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, रौसर में छात्रों से फीस वसूलने वाले कॉलेज के मैनेजर पंकज मिश्रा के खिलाफ लाखों रुपये की धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है, बता दे कि आरोपी ने कॉलेज के निर्धारित खाते में फीस जमा करने के बजाय उसे अपने निजी खाते में ट्रांसफर कर लिया। यह घटना 2020 से 2024 के बीच हुई। कॉलेज प्रशासन को इस धोखाधड़ी का पता तब चला, जब उन्होंने फीस जमा की जांच की,कॉलेज प्रशासन की शिकायत पर चोरहटा थाने में मामला दर्ज किया गया, जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया कि पंकज मिश्रा ने चार वर्षों में कुल 66.70 लाख रुपये का गबन किया। आरोपी ने यह राशि फोन पे के जरिए अपने खाते में ट्रांसफर की थी। इस धोखाधड़ी का खुलासा होते ही कॉलेज प्रशासन ने इस मामले को गंभीरता से लिया और पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई। कॉलेज प्रशासन ने बताया कि इसके अलावा, 2018 से 2024 तक लगभग 2.36 करोड़ रुपये का गबन हुआ है, जिसकी जांच की जा रही है। आरोपी पंकज मिश्रा फिलहाल फरार है, लेकिन पुलिस आरोपियों के खिलाफ साक्ष्य जुटाने में लगी हुई है। चोरहटा थाना प्रभारी आशीष मिश्रा ने बताया कि पुलिस इस मामले की जांच कर रही है और जैसे ही साक्ष्य सामने आएंगे, आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## घर में घुसकर चोरी करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रीवा।** जिले के चाकघाट थाना क्षेत्र के ऑक गांव में एक घर में घुसकर चोरी करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से सोने-चांदी के जेवर और 20 हजार रुपये नकद बरामद किए गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार, कन्हैयालाल केवट नामक व्यक्ति के घर में रात के समय चोरों ने घुसकर सोने-चांदी के जेवर और नकदी चुराई थी। कन्हैयालाल केवट ने चोरी की घटना की शिकायत पुलिस थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए संदेहियों की पहचान की और दो आरोपियों को गिरफ्तार किया,पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने चोरी की घटना को स्वीकार किया। आरोपियों की निशानदेही पर चोरी किया गया सामान बरामद किया गया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में देवेन्द्र आदिवासी और कुलदीप आदिवासी शामिल हैं। एसडीओपी उदित मिश्रा ने बताया कि आरोपियों को पकड़ा गया है और वे चोरी किए गए जेवर को बेचने की कोशिश कर रहे थे। उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अगर इन आरोपियों का नाम किसी अन्य घटना में सामने आता है, तो पुलिस इस मामले में भी कार्रवाई करेगी।



## तनावमुक्त जीवन शैली पर आयोजित हुआ आयोजन

रीवा। अपने विचारों, भावनाओं और कार्यो पर नियंत्रण रखें। अपने भावों व विचारों को समझे, एवं तनाव व चिंता से अपने को दूर रखें। अपने व्यवहार को सकारात्मक तरीके से निर्देशित करें। उक्त उद्गार राजयोगिनी ब्राम्हकुमारी डॉ रीना दीदी ने आनंद विभाग एवं ब्राम्हकुमारी संस्थान रीवा द्वारा ज़िलें में कार्यरत शासकीय अधिकारियों, कर्मचारियों व सामाजिक कार्यकर्ताओं के लिए कलेक्ट्रेट मोहन सभागार में मन प्रबंधन द्वारा उत्कृष्ट प्रशासन विषय पर आयोजित व्याख्यान कार्यक्रम में व्यक्त किये। उन्होंने व्याख्यान कार्यक्रम में बताया कि यह कार्यक्रम पूरे प्रदेश में मध्यप्रदेश शासन के साथ मिलकर आयोजित किया जा रहा है। जिससे प्रदेश शासकीय विभागों में कार्यरत अधिकारियों कर्मचारियों को तनाव मुक्ति व जीवन प्रबंधन के बारे में जानकारी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रशासन समाज की रीढ़ है। अतः इसमें कार्य करने वाले अधिकारी/कर्मचारी तनावमुक्त होकर अपना कर्तव्य निर्वहन करें।जीवन में सुख शांति के लिये अध्यात्म आवश्यक है। कार्य को पूजा मानकर विजी रहते हुए इजी बने रहे। कार्यशाला में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में ब्राम्हकुमारी संस्थान से क्षेत्रीय प्रमुख राजयोगिनी निर्मला बहन जी, श्री बीके प्रकाश, बीके राम भाई, बी के राहुल भाई, संयुक्त कलेक्टर पीके पांडेय, डिप्टी कलेक्टर श्रेयस गोखले उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रवीण पाठक सम्भागीय समन्वयक जन अभियान परिषद एवम जिला नोडल अधिकारी आनंद विभाग द्वारा किया गया। इस दौरान जिला स्तरीय विभागीय अधिकारी व कर्मचारी स्वैच्छिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## सफारी कार और यात्री बस की भीषण टक्कर, तीन घायल



रीवा। सीधी जिले के रामपुर नैकिन थाना क्षेत्र में रविवार को शहडोल जा रही एक यात्री बस और सफारी कार के बीच जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिनमें सफारी कार का चालक और बस सवार दो यात्री शामिल हैं। हादसे के बाद सभी घायलों को उपचार के लिए रीवा के संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के अनुसार, सफारी कार के चालक रमेश जायसवाल भैसरहा पेट्रोल पंप से ईंधन भरवा कर सड़क पर आगे बढ़ रहे थे। तभी अचानक तेज रफ्तार से आ रही बस के सामने सफारी आ गई और दोनों वाहनों के बीच भीषण टक्कर हो गई। यह टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और सफारी कार के परखच्चे उड़ गए। वही हादसे में सफारी कार के चालक रमेश जायसवाल को गंभीर चोटें आई हैं, खासकर उनके सिर में गंभीर चोट आई है। उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद तुरंत संजय गांधी अस्पताल रेफर कर दिया गया। इसके अलावा, बस में सवार महेंद्र तिवारी और हरेंद्र कुशवाह को भी गंभीर चोटें आई हैं। दोनों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। बस में सवार अन्य यात्रियों को मामूली खरोंचें आईं हैं। इन यात्रियों का इलाज भी अस्पताल में किया गया, और उन्हें बाद में छुट्टी दे दी गई। घटना की सूचना मिलते ही पिपराव पुलिस चौकी के प्रभारी एसआई शेषमणि मिश्रा अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को तुरंत 108 एंबुलेंस के जरिए रामपुर नैकिन अस्पताल भेजा। गंभीर रूप से घायल हुए व्यक्तियों को प्राथमिक उपचार के बाद संजय गांधी अस्पताल रेफर किया गया।



## पड़ोस में रहने वाले सरहंगों ने महिलाओं से की मारपीट

### बिछिया थाना क्षेत्र की घटना

**रीवा।** शहर के बिछिया थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लोही.में बहू और सास के ऊपर पड़ोस में रहने वाले सरहंगों ने लाठी डंडे से जमकर मारपीट की है, वही घटना में महिलाएं भी घायल हुई है, जिसके बाद उन्होने बिछिया थाना में घटना की मामला दर्ज करवाया है, घटना के संबंध में घायल महिला शकुंतला कोल ने जानकारी देते हुए बताया कि पड़ोस में रहने वाले तीरथ और उनका बेटा कारण कोल बीती रात्रि उस वक्त घर में घुस आए जब वह बर्तन धुल रही थी। इसी दौरान पहले करण ने फिर उसके पिता तीरथ ने लाठी डंडे बरसाने ने शुरू कर दिए। शकुंतला ने बताया कि घटना के दौरान उसकी चाची जब उसे बचाने आई तो उनके साथ भी मारपीट की गई है। शकुंतला के मुताबिक तीरथ और करण उसके ऊपर गलत आरोप लगाते हैं और जब वह विरोध करती है तो उसके साथ मारपीट करते है। जिसके बाद पुलिस ने पूरे मामले पर मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

## सचिव संघ ने जनपद सीईओ को ज्ञापन सौंपा



**मऊगंज।** अपनी कई मांगों को लेकर संघ ने वर्ष 21-22 23- 24 में भी सामूहिक हड़ताल अवकाश कर चुके हैं और अब 2025 में भी एक सप्ताह का सामूहिक अवकाश की घोषणा की है सरकार द्वारा कई बार आश्वासन दिया गया किंतु अब तक पूर्व की मांगे नहीं मानी गई जिसको लेकर सचिव संघ प्रदेश अध्यक्ष के आवाहन पर मऊगंज सचिव संघ ब्लॉक अध्यक्ष उमेश शुक्ला द्वारा 26 मार्च से 01अप्रैल तक कामकाज बंद कर सामूहिक अवकाश पर रहने का ज्ञापन मऊगंज जनपद सीईओ राम कुशल मिश्रा को दिया ज्ञापन देने वालो मे उमेश शुक्ला ब्लॉक अध्यक्ष रामकिशोर मिश्रा जिला अध्यक्ष मुजीब खान प्रदेश संगठन मंत्री जेपी मिश्रा संभागीय संगठन मंत्री महेश विश्वकर्मा रविनाथ दुबे राजीव विश्वकर्मा विजय शंकर मिश्रा रामानुज पटेल रामलली कुशवाहा बृजमोहन पटेल वशिष्ठ मुनि पटेल सहित कई सचिवों ने सामूहिक रूप से मिलकर उनकी मांगे पूरी न होने पर ज्ञापन देकर सामूहिक अवकाश की घोषणा की है।

# जनसुनवाई का मतलब हर हाल में निराकरण: कलेक्टर संजय जैन

**मऊगंज।** जिले के नए कलेक्टर संजय जैन ने पहली जनसुनवाई आयोजित की जिसमें सख्त और कड़े निर्देश देते हुए कहा जनसुनवाई का मतलब हर हाल में समस्याओं की सुनवाई सुनिश्चित हो कई महीनो से शिथिल पड़ी जनसुनवाई फिर से क्षेत्र की जनता के बीच उत्साह और समस्या निराकरण होने की दिशा में मंगलवार को जनसुनवाई में अधिक लोग पहुंचे इस दौरान अंगद प्रसाद पटेल नौढ़िया द्वारा 06 माह से सीमांकन न होने की स्थिति में कलेक्टर को आवेदन देकर रीडर पर लेनदेन करने का आरोप लगाया जिसमे कलेक्टर द्वारा देवतालाब रीडर श्याम सुंदर तिवारी को नोटिस जारी करने का आदेश दिया वहीं आंखों से पूर्ण रूप असहाय दिव्यांग का कई महीनो से राशन कार्ड नहीं बना और ना ही खाद्यान्न मिला तत्काल आदेश देते हुए दो दिन के अंदर राशन कार्ड जारी करने का आदेश दिया गया जनसुनवाई में सबसे ज्यादा राजस्व और बिजली के आवेदन दिया गये

### जनसुनवाई से फिर उम्मीद

नये कलेक्टर की पहली जनसुनवाई में क्षेत्र की अनेक समस्याओं को लेकर लोगों ने आवेदन दिए कलेक्टर द्वारा बताया गया कि समय पर सभी समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित करें संबंधित अधिकारी शिकायतों का मॉनिटरिंग कर पीड़ितों को समय देकर हर हाल में समस्याओं का निराकरण करें कोई गड़बड़ी या लापरवाही नहीं बर्दाश्त की जाएगी एक बार फिर जनसुनवाई से क्षेत्र की जनता की उम्मीदें बड़ी है कई महीनो से जनसुनवाई लगभग बंद पड़ी थी एक ही समस्या को लेकर 20-20 आवेदन दिए गए थे किंतु निराकरण न होने की स्थिति में क्षेत्र की जनता ने आवेदन देना ही बंद कर दिया था जनसुनवाई के दौरान सभी विभागों के प्रमुख उपस्थित रहे कलेक्टर ने खेद जताते हुए कहा सुनवाई में वृद्ध महिला दिव्यांग और छोटे बच्चे शिकायत लेकर पहुंच रहे हैं यह सब ठीक नहीं है प्रतीक शुक्ला जिसकी उम्र 19 वर्ष सुनकर कलेक्टर अचंभित रह गए कई महीनो से सीमांकन के लिए नईगढ़ी तहसीलदार को आवेदन देने के बावजूद सीमांकन नहीं किया गया उक्त तहसीलदार को फटकार लगाते हुए सीमांकन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये जनसुनवाई में कुल 25 आवेदन दर्ज किए गए।





### जनसुनवाई में सार्थक पहल जरूरी: पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी

पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी द्वारा जनसुनवाई आयोजित की गई उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए कई शिकायतकर्ताओं ने संबंधित थानों में पुलिस व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए निराकरण करने की दिशा में आवेदन दिए हैं काफी दिनों से जनसुनवाई पुलिस अधीक्षक कार्यालय में लंबित थी किंतु अब निराकरण की दिशा में प्रयास किया जा रहा हैं जिससे सीएम हेल्पलाइन में भी शिकायतें काम हो सके।

## बिजनेस साइट

# एसेट एलोकेशन की कला सही संतुलन बनाना



**आदित्य कुमार गुप्ता**
म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर, रीवा

**रीवा।** निवेश बाजार चक्र लगातार बदलते रहते हैं, जिससे अवसरों और जोखिमों की लहरें पैदा होती हैं। जबकि निवेशक अक्सर हाई रिटर्न का पीछा करते हैं, वास्तविक वेल्थ क्रिएशन विविधीकरण, स्थिरता और निरंतरता में निहित है। यहीं पर एसेट एलोकेशन की भूमिका आती है - एक रणनीतिक दृष्टिकोण जो यह निर्धारित करता है कि निवेश को विभिन्न एसेट क्लास में कैसे फैलाया जाए ताकि रिवार्ड और जोखिम को प्रभावी ढंग से संतुलित किया जा सके।

इसके मूल में, एसेट एलोकेशन कई एसेट क्लास जैसे कि इक्विटी, डेट इंस्ट्रूमेंट, सोना और रियल एस्टेट में अपने पूरे निवेश को फैलाने की प्रक्रिया है । लक्ष्य सरल है: रिटर्न को सुरक्षित और अधिकतम करते हुए जोखिम को कम करना। प्रत्येक एसेट क्लास आर्थिक स्थितियों पर अलग-अलग प्रतिक्रिया करता है । इक्विटी आर्थिक विस्तार के दौरान अच्छा प्रदर्शन करती है, हाई रिटर्न प्रदान करती है, जबकि डेट इंस्ट्रूमेंट मंदी के दौरान स्थिरता प्रदान करते हैं। सोना मुद्रास्फीति और बाजार की अस्थिरता के खिलाफ सुरक्षा के रूप में कार्य करता है। एक अच्छी तरह से स्ट्रक्चर्ड एसेट एलोकेशन रणनीति एक विविधतापूर्ण और सुविधाजनक पोर्टफोलियो को सुनिश्चित करने के लिए इन कारकों को ध्यान में रखती है ।

निवेशक अक्सर बाजार की गतिविधियों से प्रेरित होकर भावनात्मक निर्णय लेते हैं उत्साह के कारण चरम पर खरीदारी करते हैं और डर के कारण निचले स्तर पर बेचते हैं। इस व्यवहार से काफी वित्तीय नुकसान हो सकता है। हालांकि, एक अनुशासित एसेट एलोकेशन दृष्टिकोण निवेश के बैलेंस्ड मिक्स को बनाए रखते हुए ऐसे जोखिमों को कम करता है, जिससे बाजार चक्रों की परवाह किए बिना विभिन्न एसेट वर्गों में निवेश सुनिश्चित होता है ।

स्टडीज से पता चलता है कि एसेट एलोकेशन समय के साथ निवेश प्रदर्शन का एक प्रमुख निर्धारक है। जबकि स्टॉक चयन और बाजार समय एक भूमिका निभाते हैं, सही एलोकेशन रणनीति पोर्टफोलियो रिटर्न और जोखिम प्रबंधन को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करती है ।

निरंतर निगरानी की परेशानी के बिना एसेट एलोकेशन आवंटन के लिए एक स्ट्रक्चर्ड दृष्टिकोण की तलाश करने वाले निवेशकों के लिए, एसेट एलोकेशन म्यूचुअल फंड जैसे प्रोफेशनल तौर पर प्रबंधित समाधान एक आदर्श विकल्प हो सकते हैं। ऐसा ही एक फंड आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एसेट एलोकेटर फंड (एफओएफ) है। यह फंड इन-हाउस वैल्यूएशन मॉडल का उपयोग करके इक्विटी, डेट और गोल्ड म्यूचुअल फंड स्कीम / ईटीएफ में एलोकेशन को प्रभावशाली तौर पर एडजस्ट करता है । 31 जनवरी, 2025 तक, फंड ने एक वर्ष में 11.90 फीसदी रिटर्न दिया है, जिसमें तीन और पांच वर्षों में क्रमशः 12.92 फीसदी और 13.87 फीसदी का सीएजीआर रिटर्न है ।

इस प्रकार, लॉन्गटर्म रणनीति के रूप में एसेट एलोकेशन को अपनाकर, निवेशक आत्मविश्वास के साथ बाजार की अनिश्चितताओं से निपट सकते हैं, तथा समय के साथ फंड्स की बचत और ग्रोथ सुनिश्चित कर सकते हैं।